# डिप्टी सालीसीटर जनरल (भारत सरकार) शिवकुमार पाल जी का हुआ भव्य स्वागत समारोह

(जीएनएस)।

गंगापार होलागढ़-होलागढ़ गंगा गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय धनगर महासभा प्रयागराज इकाई द्वारा भव्य स्वागत समारोह रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सालीसीटर भारत सरकार शिवकुमार पाल जी और राष्ट्रीय धनगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जे पी धनगर जी उपस्थित हुए थे विशिष्ट के रूप में प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बी एन धनगर विजय बहादुर धनगर सुभाष धनगर स्वारथ धनगर समाजसेविका जया पाल जी समेत कई लोग उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट उमेश धनगर जी ने किया स्वागत समारोह में काफी दूर दूर से लोग उपस्थित हुए थे जिसमें युवाओं की भी काफी संख्या थी





मुख्य अथिति का स्वागत करने के लिए युवा उत्साहित थे डिप्टी सालिसीटर जी ने कहा की समाज की समस्या के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा वही माननीय जेपी धनगर जी ने कहा कि वह अपने हक की लड़ाई को निरंतर जारी रखेंगे और धनगर प्रमाण पत्र बनवाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे. जिला अध्यक्ष रमेश धनगर ने आए हुए सभी आगनतुको का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन सुनील धनगर और संगठन मंत्री दिनेश धनगर ने संयुक्त रूप से किया.

उपस्थित लोगों में एडवोकेट मुन्ना धनगर कृष्णपाल पूर्व प्रधान दौलत राम अनिल बीडीसी विजय धनगर मास्टर साहब डॉ सुरेश धनगर विजय धनगर मंडल अध्यक्ष शालिग्राम धनगर नीरज धनगर मुन्ना धनगर वीरेंद्र धनगर पप्पू धनगर शिवमंगल शिवराज यादव बीडीसी रोहित पाल द्वारिका प्रसाद पाल सुरेश पाल नवीन पाल घाटमपुर प्रधान रेखा पाल जीअनिल पाल पत्रकार ननकी पाल दिनेश सोनू पाल पंकज पाल मीडिया प्रभारी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे

# कार्यालय पर किया कन्या व शस्त्र पूजन कार्यक्रम

बीसलपुर (पीलीभीत)- गरीबों व किसानों के हित की लड़ाई लड़ने वाले समाजसेवी एवं बीसलपुर विधानसभा प्रत्याशी नितिन पाठक ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अपने प्रिय समर्थकों व संबंधियों के साथ अपने कार्यालय पर कन्या पूजन एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया । नितिन पाठक ने कन्या पूजन के बाद देवी स्वरूप कन्याओं को दही जलेबी का भोग लगाया तत्पश्चात उन्हें दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया, पूजन के बाद वेद विधान से शस्त्र पूजन का कार्यक्रम किया गया। मंच पर आसीन अतिथि गणों ने कन्याओं की शिक्षा व सुरक्षा को लेकर विचार व्यक्त किये और गरीब व किसान हित में हमेशा तत्पर रहने वाले नितिन पाठक का संपूर्ण लग्न के साथ सहयोग देने की अपील की । कार्यक्रम में बिना किसी भेदभाव के सभी धर्म एवं जाति के समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल, जिला पंचायत अध्यक्ष गुरभाग सिंह, सिद्धराज सिंह, अजय गंगवार, गायत्री गंगवार, जिला पंचायत सदस्य अकील अहमद, मुकेश तिवारी, निपेंद्र मिश्रा, पंकज शुक्ला, राजेश मिश्रा, दिलीप पाठक, शिवम शुक्ला, मुकेश मिश्रा, परमेश्वरी गंगवार एवं समस्त मित्र मंडली व समर्थक सदस्य सम्मिलित रहे।



# मसौली थाना क्षेत्र के नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

**लाठी-डंडों से हुई इस हिंसक झड़प में महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल**

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम चुरेलिया में सोमवार को नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। लाठी-डंडों से हुई इस हिंसक झड़प में महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।

बताते चले कि थाना क्षेत्र के ग्राम चूरौलिया निवासी राम सूचित व देशराज के बींच काफी समय से नाली का विवाद चल रहा था सोमवार को देशराज अपने घर की बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे कि जिसका विरोध रामसूचित व उसके पुत्र रामराज ने किया जिसको लेकर दोनो पक्षों मे लाठी डंडे चलने लगे मामला बेकाबू हो गया।

घटना मे 30 वर्षीय रामराज पुत्र राम सूचित , 70 वर्षीय सूचित पुत्र रामअसहरे , अरविन्द पुत्र सूचित और कंचाना घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष से देशराज, गीता देवी पत्नी देशराज, सतेंद्र जितेंद्र घायल हो गये सभी घायलों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद रामराज और सूचित की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मसौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात काबू में किए और घायलों को अस्पताल भेजा। दोनों पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

इस घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मारपीट की घटना पर मौके पर पुलिस पहुंची उसके बाद घायलों का इलाज कराया गया है तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है,

# पंडित जियालाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सपहा की छात्राओं ने थाने पहुंचकर किया भ्रमण

**इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने मिशन शक्ति अभियान के बारे में दी जानकारी**

(जीएनएस)।

पूरनपुर, पीलीभीत।

उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति 5.0 अभियान ने गांव-गांव में बदलाव की नई इबारत लिखने का कार्य इन दिनों विभिन्न थाना क्षेत्रों में चल रहा है।सीएम योगी आदित्यनाथ के इस अभियान के तहत महिलाओं को मिल रहे प्रशिक्षण और संसाधनों ने न केवल उन्हें सशक्त बनाया है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मिसाल भी पेश की जा रही है।जागरूकता अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी उद्देश्य से सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के सपहा में स्थित पंडित जियालाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हाईस्कूल की छात्राओं को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने सोमवार को थाने बुलाकर भ्रमण कराया। और मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया। छात्राओं द्वारा सवाल पूछे जाने पर पुलिस ने छात्राओं के प्रश्नों का जबाब भी दिया।जागरूकता अभियान के दौरान थाना पर तैनात महिला कांस्टेबल कुमारी भारती और सपना ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें पैम्फलेट के माध्यम से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया।इनमें वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 शामिल हैं। इसके साथ ही, उन्हें उनके सुरक्षा अधिकारों के बारे में भी बताया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति केवल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं के आत्मविश्वास, समाज में सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ाने के लिए समर्पित है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि असहाय और संकट में फंसी महिलाओं और बच्चों की सहायता, पारिवारिक विवादों का समाधान और समाज में सुरक्षा बनाए रखने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है।



# जिलान्यायधीश,जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

(जीएनएस)।

बाराबंकी, 29 सितंबर। सोमवार को जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव,जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले कारागार के मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इसके बाद अधिकारीगण जेल के भीतरी परिसर में पहुँचे और वहाँ की समग्र साफ-सफाई एवं अनुशासन व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला जज महोदया,जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल की बैरकों का गहन निरीक्षण किया। जहाँ अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय एवं स्वच्छता की स्थिति का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि बंदियों को भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक वस्तुएँ समय से मिल रही हैं अथवा नहीं।अधिकारियों ने महिला बैरक और पुरुष बैरकों का निरीक्षण कर वहाँ सुरक्षा प्रबंध, अनुशासन व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ और सुझाव सुने। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएँ निर्धारित मानकों के अनुसार नियमित रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता और संवेदनशीलता बनाए रखी जाए। साथ ही, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर सी0जे0एम0 सुधा सिंह, जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर सहित कारागार के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






# पीलीभीत के असम हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, लखनऊ के युवक की मौत, चार घायल

(जीएनएस)।

पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में सोमवार तड़के करीब 3:30 बजे असम हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। लखनऊ से पूर्णागिरि जा रहे एक कार और सामने से आ रही रोडवेज बस के बीच जोरदार टक्कर हुई। इस दुर्घटना में कार सवार लखनऊ के थाना काकोरी के गांव कटिहर निवासी 28 वर्षीय अभिषेक यादव की मौत हो गई।

हादसे में अभिषेक के साथ साथित अन्य चार युवक- थाना बिजनौर के नजमाबाद निवासी सागर यादव, रहीमाबाद के शिवम यादव, गोसाईगंज के अनीस सिंह यादव और रहीमाबाद के सचिन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले सीएचसी पूरनपुर में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।



दुर्घटना असम हाईवे पर पूरनपुर से लगभग पांच किलोमीटर दूर मोड़ के पास हुई जहां कार और बस की आमने-सामने टक्कर हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मृतक तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई है।

अभी हादसे की वजहों का पता लगाया जा रहा है, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे ने इलाके में भारी दुःख और सहम का माहौल पैदा कर दिया है।

# लखनऊ के मशहूर जादूगर गोगा व बाराबंकी के मशहूर जादूगर राम जी विश्वकर्मा एव शरारती के बीच जवाबी जादूगर करतब दिखाये

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। कस्बा मसौली स्थित भवानी नीम चबूतरा कटरा मे लखनऊ के मशहूर जादूगर गोगा व बाराबंकी के मशहूर जादूगर राम जी विश्वकर्मा एव शरारती के बींच जवाबी जादूगर करतब दिखाये गये जिसमे दोनो की जादूगरी बराबर रही।

जवाबी जादूगरी मे हुए टास मे बाराबंकी के जादूगर राम जी विश्वकर्मा ने टास जीतते हुए सर्वप्रथम लखनऊ के जादूगर गोगा को प्रथम जादू दिखाने का मौका दिया जिसमे जादूगर गोगा ने रस्सी को तलवा बना दिया जिसके जवाब मे बाराबंकी के जादूगर ने एक छड़ी से कई छड़ी बना दिया। जादूगर ने खाली फ्रेम मे माँ दुर्गा की तस्वीर बना दी जिसके जवाब मे राम जी ने जादुई कला से माँ का मुकुट, चुनरी, पटीका व गेंदे के फूलो की माला से सजा दिया दोनो जादूगरो के करतब बराबर रहे। इस दौरान दर्शकों ने तालिया बजाकर उत्साहवर्धन किया।





इस मौके पर अध्यक्ष रत्न प्रकाश वर्मा, समिति के संचालक कल्लुराम जयसवाल कोषाध्यक्ष विंदेश्वरी वर्मा, विद्याप्रसाद यादव, अमित पटेल, महेंद्र प्रताप सिंह, अंकित वर्मा, सहित भारी संख्या मे भक्तगण मौजूद रहे।

# विकास खण्ड मसौली मे तैनात 55 वर्षीय सफाई कर्मचारी खुनखुन की ह्रदयगति रुक जाने से इलाज के दौरान सफाई कर्मचारी की मौत

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। विकास खण्ड मसौली मे तैनात 55 वर्षीय सफाई कर्मचारी खुनखुन की ह्रदयगति रुक जाने से इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है सफाई कर्मचारी की मौत की सूचना पर सफाई कर्मचारियों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी सफाई कर्मचारी खुनखुन जो विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत भयारा मे तैनात थे दो दिन पूर्व तबियत बिगड़ने पर परिजनों डा0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ मे भर्ती कराया गया जिसकी सोमवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी मृत्यु की सूचना पर क्षेत्रीय सफाई कर्मचारियों ने दुःख प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सचिन मौर्य, लज्जावती, धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार, आदि लोगो ने दुःख प्रकट किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के तत्वाधान मे रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के तत्वाधान मे सोमवार को रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली में किशोर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

काउंसलर डा.¨ रीना श्रीवास्तव¨ द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। डा. अविनाश पटेल ,डा. प्रियंका यादव ,स्टाफ नर्स अंजली, अर्जुन वर्मा, खुशनुमा एवं प्रतिभा द्वारा कॉलेज के सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए हीमोग्लोबिन, सुगर, बीपी आदि की जांच की गई तथा आवश्यक दवायें भी दी गयीं। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विद्यार्थियों हेतु बहुत ही लाभदायक रहा।कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वस्थ पोषण आहार विषय पर पोस्टर, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य टीम बड़ा गांव द्वारा पुरस्कृत भी किया गया ।



इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य विजय बहादुर शिक्षक महेंद्र प्रताप, राधिका सिंह, सत्यप्रकाश तिवारी, मनोज कुमार सोनी ,, सुशील कुमार सिंह, उमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।